परिवहन विभाग द्वारा चलाया गया विशेष जांच अभियान

## कार्रवाई: बिना वैध दस्तावेजों के संचालन करने पर 9 स्कूली बसों को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्कूली बसों में नियमों का पालन नहीं करने पर कार्यवाही करते हुए 9 बसों को जब्त किया गया है। प्रशासन द्वारा पूर्व में ही सभी स्कूल प्रबंधकों को बसों से संबंधित दस्तावेज पुख्ता रखन के निर्देश दिये गए थे।

### नहीं मिले वैध दस्तावेज

परिवहन आयुक्त के निर्देश एवं कलेक्टर कटनी दिलीप यादव के मार्गदर्शन में नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने पर विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के सुरक्षित परिवहन को दृष्टिगत रखते हुए आरटीओ विभाग द्वारा बुधवार को स्कूल बसों की सघन जांच की गई। स्कूल बसों की जांच के अभियान के तहत न्यू पब्लिक हाई सेकेंडरी स्कूल की एक बस, डीपीएस स्कूल कटनी की एक बस, सेक्रेड हार्ट स्कूल कटनी की चार बस, सेंट्रल पब्लिक एकेडमी की दो बस एवं कटनी एजुकेशन डेवलपमेंट की एक बस में वैध दस्तावेज नहीं पाए जाने पर वाहनों को जप्त कर स्कूल प्रांगण में ही वाहनों को सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया।






आरटीओ संतोष पाल ने कहा कि स्कूल बसों में छात्रों की सुरक्षा एवं उनके सुरक्षित परिवहन को लेकर विभागीय मुख्यालय एवं कटनी कलेक्टर द्वारा जांच करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। इसी के तहत आरटीओ विभाग की टीम के द्वारा विभिन्न स्कूलों में जाकर स्कूल बसों की जांच की गई। जांच के दौरान 9 बसें बिना वैध दस्तावेजों के पाई गई जिन्हें जप्त कर लिया गया है।

### इन बसों को किया जब्त

कार्यवाही के दौरान न्यू पब्लिक हाई सेकेंडरी स्कूल कुठला की बस क्रमांक MP18P1144, डीपीएस स्कूल कटनी की बस क्रमांक MP21P0182, सेक्रेड हार्ट स्कूल कटनी की बस क्रमांक MP 21 P 0171, MP 21 TA 0412, MP 21 TA 0413, MP 21 P 0228, सेंट्रल पब्लिक एकेडमी कटनी की बस क्रमांक MP21P0249 एवं MP 21 TA 0787 और कटनी एजुकेशन डेवलपमेंट कटनी की बस क्रमांक MP21P0771 को बिना वैध दस्तावेज के पाया गया और इन बसों को जप्त कर लिया गया है। आरटीओ विभाग द्वारा इस कार्यवाही को आगे भी जारी रखा जाएगा।



## घर घर जाकर कराई जा रही लोगों की ई-केवाईसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिकों को प्रदान करने के उद्देश्य से शहर के सभी वार्डो में समग्र ई- के.वाय.सी. अभियान संचालित कर नागरिकों के समग्र आई.डी का आधार से ई-के.वाय.सी. का कार्य किया जा रहा है। निगमायुक्त उक्त कार्य की सत्त समीक्षा कर गठित दल को आवश्यक निर्देश प्रदान कर रहे है।

निगमायुक्त श्री दुबे ने गठित दल के अधिकारी एवं कर्मचारियों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सहयोग प्राप्त करते हुए निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु वार्डवार डोर टू डोर नागरिकों से संपर्क कर इस कार्य से छूटे सदस्यों की समग्र की आधार से लिंकिंग प्रक्रिया पूर्ण करनें के निर्देश दिए है। गठित दल द्वारा निर्देशों के अनुपालन में समग्र ई केवाईसी के कार्य की प्रगति हेतु वार्डो के नागरिकों से घर -घर जाकर संपर्क कर समग्र में छूटे सदस्यों की आधार से लिंकिंग की कार्यवाही की जा रही है।

राज्य शासन के निर्देश पर आयोजित होने वाले इस अभियान के दौरान जिले के नागरिकों के लिए समग्र आई.डी. का आधार से ई-के.वाय.सी. का कार्य कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क के माध्यम से कराया जा सकता है। श्री दुबे ने बताया कि नागरिकों के लिए ई-के.वाय.सी की प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है।

## खबर संक्षेप

### कल अल्प प्रवास पर रहेंगे उप मुख्यमंत्री

**कटनी।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल शुक्रवार 4 जुलाई को कटनी के अल्पग प्रवास पर रहेंगे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल 4 जुलाई को कार द्वारा शहडोल से शाम 4 बजे प्रस्थान कर शाम 6.30 बजे कटनी आयेंगे। इसके बाद रात्रि 10.30 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से भोपाल के लिए प्रस्थागन करेंगे।

### लीज निरस्तीकरण की सूचना मिलते ही राशि जमा कराई

**कटनी।** निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा नगर निगम ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत डिमांड शुल्क की राशि जमा नहीं किये जाने पर 8 ठेकेदारों को भेजे गए सूचना पत्र के पश्चात बुधवार को दो पट्टेदारों द्वारा अपनी डिमांड शुल्क की राशि निगम कोष में जमा कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत 8 पट्टेदारों द्वारा गो-डाउन निर्माण हेतु ए.बी.पी.एस. पोर्टल में कंसलटेंट के माध्यम से ऑनलाइन भवन अनुज्ञा के आवेदन उपरांत निर्धारित डिमांड राशि जमा नहीं किये जाने पर निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा मंगलवार को पत्र के माध्यम से 7 दिवस के अंदर निर्धारित डिमांड शुल्क जमा करने के निर्देश दिये जाकर विपरीत परिस्थितियों में लीज निरस्तीकरण की कार्यवाही करने हेतु सूचित किया गया था। ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत पट्टेदार दुबे रोड़ कैरियर के प्रोपराईटर राजेश कुमार दुबे द्वारा तथा शारदा ट्रांसपोर्ट कार्पोशन रमेश कुमार नीखर द्वारा डिमांड शुल्क की निगम कोष में जमा की जाकर अनुज्ञा प्राप्त की गई। निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा शेष 6 पट्टेदारों से अपने डिमांड शुल्क की निर्धारित राशि शीघ्र निगम कोष में जमा कर किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से बचने का आग्रह किया गया है।

### पुलिया निर्माण के चलते आवागमन रहेगा परिवर्तित

**कटनी।** जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक मार्ग में डॉ० अशोक चौदहा के सामने पुलिया निर्माण कार्य के चलते वाहनों के आवागमन हेतु मार्ग परिवर्तित रहेगा। निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा आम सूचना जारी की जाकर नागरिकों को सूचित किया है कि जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक मार्ग में डॉ० अशोक चौदहा के सामने पुलिया निर्माण कार्य कराया जा रहा है, मार्ग में यातायात एवं सुरक्षा की दृष्टि से 1 जुलाई से 10 जुलाई इस मार्ग में वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। इस दौरान मार्ग डायवर्सन किया जाकर वाहनों को घंटाघर से जुलूस मार्ग होते हुए एवं जगन्नाथ चौक से आदर्श कॉलोनी के मार्ग से जावेगें।

### शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ढीमरखेड़ा में प्रवेश प्रारंभ

**कटनी।** जिले के आदिवासी विकासखंड ढीमरखेडा (उमरिया पान) में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) में कोपा ट्रेड (कंम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रवेश के लिए इच्छुईक 10वीं उत्तीर्ण अभ्य र्थी पंजीयन करवा सकते है। पंजीयन के उपरांत 5 जुलाई से 11 जुलाई तक तक च्वाईस फीलिंग तथा त्रुटि सुधार कर सकते है। जबकि 12 जुलाई को आवेदको के लॉगिन पर कॉमन रैंक जारी की जायेगी। यदि कॉमन रैंक में कोई त्रुटि है तो आवेदक 13 जुलाई तक सुधार कर सकते है। वहीं 17 जुलाई को मेरिट सूची जारी की जायेगी एवं चयनित आवेदकों को दिनांक 17 जुलाई से 19 जुलाई तक प्रवेश प्रदान किया जावेगा। चौथी सूची अपग्रेड के साथ दिनांक 23 जुलाई को जारी की जावेगी। प्राचार्य शासकीय आईटीआई आनंद चौधरी ने विकासखण्ड ढीमरखेडा.के 10वीं पास सभी इच्छुेक छात्र-छात्राओं से जल्दन से जल्दख अपना पंजीयन कराने और कंप्यूटर व्यवसाय में प्रवेश लेने हेतु अपील की है। साथ ही महिलाओं के लिये 35% सीटें आरक्षित की गई है। इसके अलावा प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अनिल कुमार तिवारी से संपर्क किया जा सकता है।

कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर रहवासियों ने बताई अपनी परेशानी

## हल्की बारिश होने में ही घरों में घुसता है पानी, आवागमन भी हो जाता है कठिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बारिश के दिनों में सड़क और नाली निर्माण नहीं होने से जलभराव की समस्या के साथ ही कीचड़ की वजह से आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क एवं नाली की सुविधा नहीं होने के चलते निस्तारू पानी बहता रहता है जिससे बदबू के साथ ही गंदगी के बीच से आवागमन करना पड़ता है। गड्ढा टोला के रहवासियों का कहना है कि कई बार इस समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों से मांग की गई लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।

### घरों में घुसता है पानी

बुधवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे लोगों ने अपनी समस्या सुनाई। नगर के वार्ड 29 गड्ढा टोला में सड़क और नाली की समस्या बढ़ती जा रही है। हाल ही में हुई बारिश ने हालात और बिगाड़ दी। गलियां तालाब में तब्दील हो गईं। कई घरों में पानी घुस गया। इससे लोगों का घरेलू सामान खराब हो गया। बुधवार को परेशान होकर कॉलोनी के निवासी कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर को मांग पत्र सौंपा।



### बच्चे होते हैं परेशान, कच्चे मकान गिरने का खतरा

स्थानीय निवासी लता बंशकार ने बताया कि वार्ड में न सड़क है और न नालियां हैं। मामूली बारिश में भी घरों में पानी भर जाता है। जलभराव से कच्ची दीवारों के गिरने का खतरा बना रहता है। बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानी होती है। कीचड़ और पानी भरे रास्तों से गुजरना उनके लिए मुश्किल होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे कई बार नगर निगम और कलेक्ट्रेट में शिकायत कर चुके हैं। हर बार सिर्फ आश्वासन मिलता है।

### समाधान का दिया आश्वासन

कलेक्टर कार्यालय में तहसीलदार ने रहवासियों की शिकायत सुनी एवं उनकी समस्या का शीघ्र ही समाधान करने का आश्वासन दिया।

## ऑनलाइन प्रक्रियाओं के तहत पुलिस कार्यप्रणाली का दिया प्रशिक्षण



पुलिस कंट्रोल रूम में एएसपी संतोष डेहरिया द्वारा ऑनलाइन प्रक्रियाओं के तहत पुलिस की कार्य प्रणाली के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य कारण मध्यप्रदेश शासन द्वारा कानून व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता एवं तत्परता लाने हेतु ऑनलाइन मेडिको-लीगल रिपोर्टिंग प्रणाली को लागू किया जाना है। इस व्यवस्था के तहत अब MLC, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट एवं पीएमसी रिपोर्टें ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी। MLC एवं पोस्टमॉर्टम रिपोर्टों को 'मेडलैप/मेडलीफ पोर्टल' पर ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाएगा। रिपोर्ट अब अधिकतम 24 घंटे के भीतर पुलिस एवं संबंधित एजेंसियों को प्राप्त हो सकेगी। पोर्टल को सीसीटीएनएस प्रणाली से जुडा हुआ है जिससे पुलिस, अस्पताल, न्यायालय और जेल विभाग के बीच बेहतर समन्वय हो सके। यह निर्णय डिजिटल प्रशासन, कानूनी प्रक्रिया में पारदर्शिता, और आपदा प्रबंधन की दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रशिक्षण के दौरान ई- साइन, FIR विवरण, ऑनलाइन गिरफ्तारी फॉर्म, ई- साक्ष्य, जमानत याचिका की ऑनलाइन रिक्वेस्ट, डाटा बैंक अपडेट करने के संबंध में, डाटा क्वालिटी एवं क्वांटिटी, ऑनलाइन पीएम फॉर्म, ऑनलाइन एमएलसी आदि तकनीकी विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित गया

## अधिकारियों को दायित्व का आवंटन कर व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा रविवार 6 जुलाई को माहर्रम ताजिया के त्योहार सहित आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान निगम कार्यालय से संबंधित संपूर्ण विभागीय कार्य व्यवस्थओं को पूर्ण करानें हेतु श्री शैलेश गुप्ता उपायुक्त को नोड़ल अधिकारी एवं श्री जागेश्वर पाठक पाठक राजस्व अधिकारी को सहायक नोड़ल अधिकारी नियुक्त किया जाकर विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को दायित्वों का आवंटन किया है।

निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा जारी आदेशानुसार प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मुहर्रम पर्व को दृष्टिगत रखते हुए मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों, मस्जिदों के आसपास, कर्बला पहुंच मार्ग, मदन मोहन वार्ड स्थित प्राचीन कर्बला शरीफ एवं गाटर घाट में स्थित कर्बला शरीफ सहित संपूर्ण मुहर्रम जुलूस मार्ग में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, गढडों की मरम्मत एवं समतलीकरण, रोड़ एवं नाली की समुचित साफ- साफाई, समय पर कचरे का संग्रहण, चूने की लाईनिंग, कीटनाशक ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, अस्थाई अतिक्रमण हटानें, आवारा पशुओं एवं सुअर की आवार विचरण पर हांका गेंग के माध्यम से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के साथ ही फायर ब्रिगेड वाहन मय दल के साथ थाना कोतवाली कटनी में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।

निगमायुक्त श्री दुबे नें मोहर्रम पर्व पर 6 जुलाई रविवार को कर्बला घाटों में उपस्थित रहकर आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण करानें हेतु पृथक से अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। जिसके तहत गाटर घाट कर्बला में जलकुंड सहित संपूर्ण व्यवस्थाओं का दायित्व प्रभारी सहायक यंत्री सुनील सिंह को सौंपा जाकर पांच कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त मदन मोहन चौबे वार्ड स्थित कर्बला घाट की समस्त व्यवस्थाओं हेतु प्रभारी सहायक यंत्री अनिल जायसवाल को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया जाकर पांच कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर कांग्रेसजनों ने एएसपी को सौंपा ज्ञापन

## जीतू पटवारी पर दर्ज झूठे मुकदमें के विरोध में डीजीपी के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कांग्रेसजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर डीजीपी के नाम का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के ऊपर दर्ज झूठे मुकदमे के खिलाफ आक्रोश है। कांग्रेस नेताओं ने कहा की पुलिस भारतीय न्याय संहिता का पालन नहीं कर रही न्याय के लिए पीड़ित पक्ष जब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से मिला तो अशोकनगर के कलेक्टर एवं एसपी को नागवार गुजरा। उन्होंने बताया की मुलाकात का वीडियो वायरल होने पर कलेक्टर अशोकनगर द्वारा पीड़ित लोधी बंधुओं को तलब किया गया। जिले की बदनामी रोकने के उद्देश्य से डरा धमकाकर पीड़ित व्यक्तियों से शपथ पत्र लिया गया जिसमें उपरोक्त घटनाक्रम के संबंध में लिखा गया जो कि पुलिस में दर्ज एफआईआर में उल्लेखित है।



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता पूर्व विधायक सुनील मिश्रा ने कहा आश्चर्य की बात यह है कि उन परिस्थितियों की जांच होनी चाहिए कि 25 जून को पीड़ित व्यक्तियों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष को अपनी शिकायत दर्ज कराई और उसके दूसरे दिन 26 जून को वह बिना किसी कारण के कैसे कलेक्टर अशोकनगर को शपथ पत्र दे सकते है कि गंदगी खिलाने का स्टेटमेंट प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के कहने पर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एडिशनल एसपी संतोष डेहरिया को कांग्रेस नेताओ ने ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष करण सिंह चौहान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष राजा जगवनी, गुलाम जफर, सुमन रजक, सीमा यादव, सद्भावना प्रकोष्ठ अध्यक्ष जॉर्ज डेविड, जिला सचिव रॉबिन पीटर, वीरेन्द्र जैन पूर्व सरपंच, विनय बर्मन आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

अब तक 2 हजार 450 रजिस्ट्रेशन फॉर्म किए वितरित

## अब अपार आईडी के बिना भी जमा होंगे रजिस्ट्रेशन फॉर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

केन्द्रीय विद्यालय झिंझरी में कक्षा दूसरी से कक्षा पाँचवी तक प्रवेश हेतु आवेदन पत्र के साथ अब बिना अपार आईडी के भी रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा किये जा सकेंगे। पहले अपार आईडी जमा करना अनिवार्य किया गया था। विगत कुछ समय से अपार आईडी पोर्टल के बंद होने के चलते अभिभावक छात्र की अपार आईडी प्रस्तुत नहीं कर पा रहे हैं।

केन्द्रीय विद्यालय झिंझरी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एनके पचौरी ने बताया कि अभिभावकों को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि अब अपार आईडी के बिना भी रजिस्ट्रेशन फॉर्म विद्यालय में जमा किए जा सकेंगे। साथ ही कक्षा दूसरी से पाँचवीं में प्रवेश हेतु जारी अनंतिम चयन सूची में यदि छात्र का नाम आता है तो संबंधित अभिभावक द्वारा छात्र का पेन नंबर (परमानेंट एजुकेशन नंबर) विद्यालय में जमा करवाना अनिवार्य होगा।




### अंतिम तिथि 5 जुलाई

विद्यालय में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 4 जुलाई है। जबकि रजिस्ट्रेशन फॉर्म को पूर्ण रूप से भरकर विद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि शनिवार 5 जुलाई दोपहर 1 बजे तक है। विद्यालय द्वारा निर्धारित समय-सीमा के पश्चात कोई भी रजिस्ट्रेशन फॉर्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### कक्षावार रजिस्ट्रेशन के लिए 2450 फार्म वितरित

बुधवार तक विद्यालय द्वारा कुल 2 हजार 450 रजिस्ट्रेशन फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं। इसमें कक्षा एक हेतु 738 रजिस्ट्रेशन फॉर्म तथा कक्षा दूसरी हेतु 495, कक्षा तीन हेतु 503, कक्षा चार हेतु 325 एवं पांचवी हेतु 389 रजिस्ट्रेशन फॉर्म शामिल हैं। अभिभावकों द्वारा अब तक कुल 632 रजिस्ट्रेशन फॉर्म विद्यालय में जमा करवाए जा चुके हैं। इसमें कक्षा एक के लिए 217, कक्षा दूसरी हेतु 127, कक्षा तीसरी में 144, चौथी हेतु 56 तथा कक्षा पाँचवी के लिए 98 रजिस्ट्रेशन फॉर्म अभिभावकों ने बुधवार तक विद्यालय में जमा करवाये हैं।

## बारिश के मौसम में स्वीट कार्न की सोंधी महक राहगीरों को कर रही आकर्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्लीमनाबाद क्षेत्र के तेवरी में इन दिनों सड़क किनारे स्वीटकार्न की सोंधी महक राहगीरों को आकर्षित कर रही है। सड़क किनारे सजी दुकानों में गर्मा गरम भुने हुए स्वीट कार्न खाने लोगों की भीड़ देखी जा रही है। बारिश के मौसम में भुट्टे खाना किसे पसंद नहीं। तेवरी क्षेत्र के स्वीट कॉर्न न सिर्फ मीठे बल्कि बड़े नरम और दानेदार होते है। इन्हें बच्चे से लेकर बूढ़े भी बड़े चाव से खाते हैं। तेवरी के स्वीट कॉर्न की मांग प्रदेश सहित दूसरे प्रदेशों तक होती है। जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर स्थित तेवरी ग्राम की पहचान स्वीट कॉर्न बना हुआ है। यहां के किसानों ने परंपरागत खेती के साथ ही स्वीट कॉर्न की खेती ओर अपना रुख कर लिया है। रबी सीजन की फसल कटने के बाद मार्च अप्रैल के महीने में किसान स्वीट कार्न की खेती करते हैं। करीब चार माह बाद स्वीट कार्न बाजार में बिकने लगते हैं। हालांकि स्वीट कॉर्न की खेती शुरू से इतनी प्रचलित नहीं थी। इसके लिए कृषि विभाग ने किसानों के बीच जाकर महीनों प्रशिक्षण दिया। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शुरू में लोगों ने स्वीट कॉर्न की खेती के लिए बहुत मेहनत की लेकिन किसानों को जैसे-जैसे फायदा मिलने लगा तो खेती करने लगे। स्वीट कॉर्न की खेती तेवरी ग्राम से शुरू हुई थी। उसके बाद आस-पास के ग्रामों में होने लगी।



## खबर संक्षेप



### वन्यप्राणियों के लिए कराई पेयजल की व्यवस्था

**बड़वारा।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान में 1 से 7 जुलाई तक चल रहे सेवा सप्ताह के कार्यक्रम में 2 जुलाई को पठरा के जंगल में उम्मीद ग्रुप भुड़सा के द्वारा रखे गए टबों की साफ सफाई कर उनमें पानी भरा गया विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का देश भर में सेवा सप्ताह का कार्यक्रम 01 जुलाई से 07 जुलाई तक किया जाना है जिसमें उम्मीद ग्रुप से डॉ.सुजीत महोबिया मोनू बजरंग दल कटनी के जिला विद्यार्थी प्रमुख सचिन सिंह चौहान सुनील महोबिया विनय सिंह चौहान गंगा साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।।

### जिले में अब तक 186.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से बुधवार 2 जुलाई तक कुल 186.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक वर्षा इस साल स्लीमनाबाद तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 290 मिलीमीटर वर्षा हुई है। जबकि इसी अवधि में बीते वर्ष कुल 86 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 116.7 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 167.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 154.6 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 161 मिलीमीटर, बरही तहसील में 189 मिमी और विजयराघवगढ़ तहसील में 221.3 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 129.7 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 290 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 175.9 मिमी कुल वर्षा दर्ज की गई है।

### नगर में कराई जा रही रोजाना विशेष सफाई

**कटनी।** वर्षा काल के दौरान नगर के सार्वजनिक मार्गो सहित बस्तियों में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो इस हेतु निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा नाले नालियों के सफाई अभियान को गति प्रदान की जाकर नगर के शेष बचे नालों की सफाई का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसके साथ ही पानी भराव वाले स्थलों को चिन्हित कर कच्ची नाली खोदकर सुगता से वर्षा जल निकासी के प्रयास किये जा रहे है। वर्षा जल की निकासी सुगमता से हो सके इस हेतु बुधवार को जे.सी.बी मशीन के माध्यम से रचना नगर, वार्ड क्रमांक 5 स्थित सिलाई सेंटर के पास, की नालियों सहित तिलक राष्ट्रीय स्कूल, वार्ड क्रमांक 29 स्थित सुलभ काम्पलेक्स के पीछे, वार्ड क्रमांक 30 स्थित सुलभ शौचालय के पास सहित अन्य क्षेत्रों एवं जलभराव वाले संभावित क्षेत्रों में सुगमता से पानी निकासी की व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए राम मनोहर लोहिया वार्ड स्थित सिलाई सेंटर के पास, शिवनगर कॉलोनी , जगमोहन दास वार्ड की विभिन्न गलियों, रघुनाथ गंज वार्ड स्थित गट्टानी जी के भवन के सामने, वार्ड क्रमांक 30 मार्डन स्कूल के पास, वार्ड क्रमांक 39 संतोषी माता मंदिर के पास, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों की गाद एवं कचरे की सफाई का कार्य कराया जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए।

### आटो से नीचे गिरे युवक की थम गई सांसें

**कटनी।** ऑटो से गिर जाने के कारण एक युवक की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार सुरेश चौधरी पित छग्गू चौधरी निवासी खितौली कहीं से काम करके ऑटो में लौट रहा था। बताया जा रहा है कि नरेड़ी के पास वह ऑटो से अनियंत्रित होकर गिर गया, जिसके कारण उसे चोट लग गई। गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### कलेक्टर ने सुरक्षा संहिता के तहत जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

# मवेशियों को खुला छोड़ने वाले पशुपालक के विरूद्ध कार्यवाही करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने नेशनल हाइवे और जिले के अन्य व्यस्त सड़क मार्गों पर विचरण करते गौवंश और सड़कों में पशुओं के जमावड़े से संभावित सड़क दुर्घटना से लोक संपत्ति, पशु हानि एवं मानव जीवन की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है ।

कलेक्टर श्री यादव ने जारी प्रतिबंधात्मसक आदेश में उल्लेवखित किया है कि कोई भी व्यक्ति,पशुपालक अपने गौवंश या अन्य मवेशियों को जानबूझकर अथवा उपेक्षापूर्वक सार्वजनिक सड़क अथवा स्थान पर खुला छोड़ता है, तो संबंधित व्यक्ति,पशुपालक के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

कोई भी पशुपालक बीमार, रोगग्रस्त एवं विकलांग गौवंश एवं मवेशियों को किसी मार्ग सडक पर नहीं छोड़े। यदि ऐसा करना आवश्यक हो, तो संबंधित स्थानीय निकाय से संपर्क कर गौवंश को गौशाला संचालक को सौंपा जायें।

#### मुनादी कराने के निर्देश

नेशनल हाइवे और मुख्य मार्गों से लगी ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय इस आदेश की मुनादी करा कर सूचना देवें ताकि पशुपालक अपने गौवंश को अपने घर में बांध कर रखें।

#### पंचायतें व निकाय करें कार्रवाई

गौवंश के सड़कों में विचरण पर रोक लगाने के लिए संबंधित ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय पशु क्रूरता अधिनियम 1960, एवं मप्र नगर पालिक अधिनियम 1956 में वर्णित प्रावधानों के तहत कार्यवाही करने हेतु उत्तरदायी होंगे। गौवंश के सड़कों पर विचरण पर रोक लगाने नगरीय निकाय और पंचायतें आवश्यकतानुसार अस्थाई तौर पर वालेंटियर्स की भी सेवाएं ले सकतीं हैं।

#### सड़क निर्माण विभाग की जिम्मोदारी तय

जिला दंडाधिकारी श्री यादव ने आदेश में स्पष्टल किया है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना आदि द्वारा निर्मित सड़को पर घुमन्तु गौवंश एवं मवेशियों के विचरण पर प्रतिबंध लगाने एवं रोकने हेतु पूर्ण उत्तरदायित्व सड़क निर्माण विभाग का होगा। संबंधित सड़क निर्माण विभाग सतत पेट्रोलिंग की कार्यवाही करते हुये गौवंशों एवं मवेशियों को सड़क पर आने से रोकना सुनिश्चित करेंगे। सड़क दुर्घटना में मृत पशुओं के तत्काल निस्तारण की व्यवस्था करेंगे, साथ ही घायल पशुओं के ईलाज हेतु उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विकास कटनी से संपर्क कर तत्काल चिकित्सीय व्यवस्था उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

#### कंट्रोल रूम को दें सूचना

जारी आदेश में कहा गया है कि कोई भी व्युक्ति सड़कों पर मृत गौवंश एवं मवेशियों की सूचना जिला कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 07622- 220071 पर दे सकता है। इसके अलावा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकारण के आपात कालीन नंबर 1033 और चलित पशु चिकित्सा एंबुलेंस के टोल फ्री नंबर 1962 पर भी सूचना दी जा सकती है।

# 3 उर्वरक विक्रेताओं का विक्रय प्राधिकार निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अमानक बीज एवं उर्वरक विक्रेताओं के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा दिए गये निर्देश के पालन में नियमों का उल्लेंघन करने पर विकासखण्डे बड़वारा के तीन उर्वरक विक्रेताओं का उर्वरक विक्रय प्राधिकार निरस्तर कर दिया गया है।

कलेक्टर के निर्देश पर की गई इस कार्यवाही के संबंध में उपसंचालक किसान कल्याटण एवं कृषि विकास और उर्वरक पंजीयन अधिकारी मनीष मिश्रा ने बताया कि ग्राम खितौली के मेसर्स साक्षी ट्रेडर्स (प्रो. प्रमोद कुमार गुप्ता), बरही के मेसर्स मंजा बीज भंडार (प्रो. दुर्गाशरण कचेर) एवं मेसर्स खेतीबाड़ी बीज भण्डानर (प्रो. जमुना प्रसाद साहू) के विरूद्ध उर्वरक गुणनियंत्रण आदेश 1985 की धारा 4 एवं 35 के उल्लंघन करने पर उर्वरक विक्रय प्राधिकार निस्तय करने की कार्यवाही की गई है।

श्री मिश्रा ने बताया कि मेसर्स साक्षी ट्रेडर्स को उर्वरक विक्रय प्राधिकार 23 अक्टूबिर 2014 को जारी किया गया था। जो 29 जनवरी 2026 तक वैध था। इसे तत्कालि प्रभाव से समाप्तं कर दिया गया है।

इसी प्रकार मेसर्स मंजा बीज भंडार को 14 सितंबर 2021 को उर्वरक विक्रय प्राधिकार प्रदान किया गया था एवं इसकी वैधता 13 सितंबर 2026 तक थी। इसे तत्कालि प्रभाव से समाप्तल कर दिया गया है। जबकि मेसर्स खेतीबाड़ी बीज भंडार को 13 अक्टू4बर 2017 को विक्रय प्राधिकार प्रदान किया गया था। इसकी वैधता तिथि 30 सितंबर 2025 तक थी। जिसे तत्कासल प्रभाव से समाप्तर कर दिया गया है।

उल्लेनखनीय है कि इन विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी कर तीन दिवस में जबाव प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया था। परंतु, संबंधित संस्थानों द्वारा प्रस्तुत जबाव संतोषप्रद नहीं पाया गया है। जिसके बाद श्री मिश्रा ने उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश-1985 के खण्डो 31(1) के अंतर्गत यह कार्यवाही करते हुए इन संस्था।नों को प्रदाय उर्वरक विक्रय प्राधिकार निरस्त् कर दिया। साथ ही संबंधित विक्रेता संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि ये संस्थान अपने पास उपलब्ध समस्त उर्वरक स्कन्धों का विक्रय एक माह की अवधि के अन्दर कर लें, अन्यथा एक माह पश्चात शेष बचे उर्वरकों को राजसात कर लिया जायेगा।

### ग्राम पंचायत निवार पहाड़ी में शिविर का हुआ आयोजन

# महिलाओं के अधिकारों के प्रति कानूनी सहायता व जरूरी नंबरों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जितेन्द्र कुमार शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में मंगलवार 1 जुलाई को ग्राम पंचायत निवार पहाड़ी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सुमित शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जागृति – जस्टिस अवेयरनेस फॉर ग्रासरूट्स इनफॉर्मेशन एण्ड ट्रांसपेरेन्सीव एनिशिएटिव्स स्कीशम 2025 के अंतर्गत शिविर में उपस्थित ग्रामीण महिलाओं एवं पुरूष से उनके राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, के संबंध में जानकारी ली एवं पैरालीगल वालेंटियर मुकेश द्विवदी को निर्देशित किया की जिन लोगों के राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, नहीं बने हैं, उन लोगों के कार्ड बनवाये जाने में सहयोग करने हेतु कहा। साथ ही महिलाओं के अधिकारों के प्रति कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी प्रदान की गई और कहा कि किसी प्रकार की कानूनी समस्या के समाधान के लिए आप स्वयं एवं पैरालीगल वालेंटियर के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं।

शिविर में हर्षित बिसेन, जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता, म.प्र. अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना, नालसा टोल फ्री नम्बर 15100 की जानकारी प्रदान की गई।

#### इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रदीप सिंह एवं नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह तथा ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, पैरालीगल वालेंटियर मुकेश द्विवेदी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी राजनिवास पाण्डेय एवं ग्रामीण महिलाए एवं पुरूष उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का हुआ आयोजन



उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में बुधवार को दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. शीर्षा मंडल ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को जीवन में शिक्षा की आवश्यकता एवं महत्व को रेखांकित करते हुए महाविद्यालय, संकाय और पाठ्यक्रमों से अवगत कराया। इसी क्रम में डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी महाविद्यालय या संस्था के उत्तरोत्तर उन्नति हेतु विद्यार्थी, शिक्षक, कर्मचारी, आधार स्तंभ होते हैं। इसके अलावा डॉ. श्वेता सिंह बघेल,डॉ.मनोज कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय एवं वार्षिक गतिविधियों के विषय में विस्तार से बताया और इन गतिविधियों में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ. मनीषा व्यास, डॉ. सचिन कोष्टा, स्मिता परसाई, युवराज तिवारी और नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# ग्राम पंचायत कांटी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कांटी में गुरुवार 3 जुलाई को शाम 5 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे।

कलेक्टर श्री यादव ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुख -दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

#### यहां होगा कार्यक्रम

जारी कार्यक्रम के अनुसार गुरूवार 3 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कांटी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अलावा गुरूवार 10 जुलाई को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत देवगांव में, गुरुवार 17 जुलाई को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत कचनारी में और गुरुवार 24 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत गैरतलाई में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा।

इसी प्रकार गुरुवार 31 जुलाई को जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत जुजावल मे, गुरुवार 7 अगस्त को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत खितौली में, गुरुवार 14 अगस्त को जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत हरदुआ कुडो में तथा गुरुवार 21 अगस्त को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत घुघरा में और गुरुवार 28 अगस्त को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सिंनगौड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा।

### बरगवां क्षेत्र के अपेक्स हास्पिटल के बाहर किया जमकर हंगामा

# युवक की मौत हुआ जमकर हंगामा, इलाज में लापरवाही बरतने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत बरगवां स्थित अपेक्स हास्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराए गए युवक की इलाज के दौरान हालत बिगड़ने पर जबलपुर में रेफर किए गए युवक की मौत बाद परिजन आक्रोशित हो गए। गत रात करीब आठ बजे अपेक्स हॉस्टिपल के बाहर परिजनों सहित काफी संख्या में पहुंचे क्षेत्रीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया।

#### लापरवाही का आरोप

परिजनों का आरोप है कि युवक की मौत डॉक्टरों द्वारा की गई लापरवाही के कारण हुई है। अपेक्स हॉस्पिटल के बाहर करीब तीन घंटे तक हंगामे की स्थिति बनी रही। स्थिति को नियंत्रण करने के लिए काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। काफी समझाइस और वैधानिक कार्रवाई के आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए।

पुलिस ने बताया कि गड्ढा टोला निवासी अरूण वंशकार (27) को 27 जून को बरगवां स्थित अपेक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां पर इलाज के दौरान युवक की हालत बिगड़ गई। जिसके बाद उसे जबलपुर रेफर कर दिया गया। जहां युवक की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजन आक्रोशित हो गए और अपेक्स हॉस्पिटल के बाहर जमकर हंगामा किया।

#### कार्यवाही का आश्वासन

सैकड़ों की संख्या में लोग अपेक्स हॉस्टिपल के बाहर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे और लापरवाही का आरोप लगाकर डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग की रहे थे, हंगामे की सूचना पर काफी संख्या में पुलिस बल को वहां पर तैनात किया गया। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने डॉक्टरों अस्पताल से बाहर निकालकर उन्हें सुरक्षित उनके निवास पहुंचाया। अस्पताल के अंदर तोड़फोड़ के मद्देनजर शटर बंद कर दिए गए थे। युवक की मौत से आक्रोशित परिजन को पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। काफी समझाइस के बाद आक्रोशित परिजन शांत हुए।

### प्रदर्शनी में प्रदर्शित मॉडल और छात्रों की रचनात्मकता की सराहना

# उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तंरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासकीय उत्कृगष्टे उच्च तर माध्यामिक विद्यालय माधवनगर में बुधवार से दो दिवसीय जिला स्तारीय इंस्पारयर अवार्ड मानक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। जिसमें छात्रों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवाचार और रचनात्मनकता को प्रदर्शित करते हुए अपनी सृजनशीलता से निर्मित मॉडलों का जीवंत प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनी का शुभारंभ अपर कलेक्टयर साधना परस्त् और शहडोल सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम की मौजूदगी में हुआ।

इस दौरान जिला शिक्षा जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह, अभय जैन एडीपीसी, राजेश अग्रहरी सहायक संचालक, राकेश बारी व्यावसायिक समन्वयक, सचिन श्रीवास्तव, एमपी यादव प्रोफेसर तिलक कॉलेज, नरेंद्र बड़खेडकर प्राचार्य पॉलीटेक्निक कॉलेज, विराट त्रिपाठी वैज्ञानिक नई दिल्लीस, एमपी डुंगडुंग, जिला विज्ञान अधिकारी आलोक पाठक उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन निधि चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

अपर कलेक्ट्र ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित मॉडल और छात्रों की रचनात्मककता की सराहना की। प्रदर्शनी में मॉडल इंप्रूव्ड वैशाखी, उर्वरक यंत्र ,पोर्टेबल राइटिंग डेस्क, जाला साफ करने वाली मोटराइज्ड झाड़ु आदि आर्कषण का केंद्र रहे। यहां मौंजूद सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

सहायक संचालक राजेश अग्रहरी ने बताया कि इंस्पोयर अवार्ड के तहत जिले के कुल 834 छात्रों ने ऑनलाईन पोर्टल पर अपना आईडिया अपलोड किया था। जिसमें वर्ष 2023-24 के लिए 36 विद्यार्थियों ने और वर्ष 2024-25 के लिए 34 विद्यार्थियों ने आइडिया अपलोड किया था। इस प्रकार दोनों वर्षों को मिलाकर जिले के 70 छात्रों के विज्ञान मॉडल के आइडिया को चयनित किया गया। इन सभी चयनित छात्रों को प्रत्येदक को 10 हजार रूपये की प्रोत्सा हन राशि प्रदान की गई है।

#### इंस्पायर अवार्ड के उद्देश्य

इंस्पाययर अवार्ड का उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति छात्रों में रुचि और जिज्ञासा को बढ़ावा देना, नवाचार और रचनात्मकता के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रोत्साहित करना, वैज्ञानिक सोच और तर्कशक्ति को विकसित करना है।

#### अवार्ड के लिए पात्रता

इंस्पाययर अवार्ड के लिए 10 से 15 वर्ष की आयु के कक्षा 6 से 10 तक के छात्र पात्र साथ ही छात्रों के पास एक मौलिक और नवाचारी विचार होना चाहिए।

छात्रों द्वारा अपने विचारों को ऑनलाइन पोर्टल पर नामांकित करना होता हैं। इसके बाद विचारों का मूल्यांकन जिला स्तर पर किया जाता है। जिला स्तीर से चयनित विचारों का मूल्यांकन राज्य स्तर पर किया जाता है। अंत में चयनित विचारों का मूल्यांकन राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है।

इंस्पायर अवार्ड के लाभ

इसमें चयनित छात्रों को नकद पुरस्कार दिया जाता है। साथ ही छात्रों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसके अलावा छात्रों को अनुभवी मेंटर्स द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। इंस्पायर अवार्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर छात्र अपने विचारों को ऑनलाइन पोर्टल पर नामांकित कर आवश्यक दस्तावेजों को अपलोड कर सकते हैं।

### जहरीले पदार्थ के सेवन से वृद्ध की मौत

**कटनी।** जहर पीने से एक वृद्ध की मौत हो गई है। घटना बरही थाना क्षेत्र के ग्राम कोठिया मोहगवां की है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार शिवनारायण द्विवेदी पिता रामफल 60 निवासी कोठिया महगवां ने अज्ञात कारणों के चलते जहर पी लिया है। इलाज दौरान वृद्ध की मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।



पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

**खबर संक्षेप**

### राष्ट्रगीत के सामूहिक गान के साथ हुई शासकीय कार्य की शुरूआत

**पन्ना।** कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर सुरेश कुमार की उपस्थिति में मई माह के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान जन गण मन के संगीतमय सामूहिक गान के साथ शासकीय कामकाज की शुरूआत की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### ओम प्रकाश उर्फ प्रकाश खरे का दुखद निधन

**पन्ना।** पन्ना नगर पालिका मैं पदस्थ वरिष्ठ कर्मचारी पन्ना शहर के आगरा मोहल्ला निवासी श्री ओम प्रकाश खरे उर्फ प्रकाश खरे जी का मंगलवार को लम्बी बीमारी के चलते जबलपुर में उपचार के दौरान दुखद निधन हो गया है। पन्ना नगर पालिका के वरिष्ठ कर्मचारी प्रकाश खरे के दुखद की जानकारी जैसे ही शहर के लोगों को प्राप्त हुई, पूरे शहर में शोक का माहौल व्याप्त हो गया है। श्री खरे के निधन पर पन्ना शहर के कर्मचारी गणमान्य नागरिकों पत्रकार बंधु समाज सेवियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। भगवान उनको अपने श्री चरणों मे स्थान दें।

### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय के लिए मिलेगी राशि

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार, 4 जुलाई को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत लैपटॉप की राशि वितरित करेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिये उनके बैंक खाते में अंतरित की जाएगी। प्रदेश में यह योजना वर्ष 2009-10 से संचालित हो रही है। जिला शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरे ने बताया कि पन्ना जिले के एक हजार 442 विद्यार्थियों को भी इस योजना का लाभ प्राप्त होगा। भोपाल के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में चैथा स्थान प्राप्त करने वाले सांदीपनि विद्यालय पन्ना के छात्र रंजीत पटेल एवं 9वां स्थान प्राप्त करने वाली सांदीपनि विद्यालय अजयगढ़ की छात्रा चंचल विश्वकर्मा भी शामिल होंगी।

# मनमाने बिजली बिल व अवैध वसूली के विरोध में आप पार्टी ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बिजली विभाग द्वारा दिए जा रहे मनमाने बिजली बिल और अवैध वसूली सहित विभिन्न मांगों को लेकर आम आदमी पार्टी ने बुधवार को तहसील कार्यालय जबेरा पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी के नाम तहसीलदार सोनम पांडेय को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में काम करते हुए कहा है कि जबेरा क्षेत्र में विद्युत कंपनी द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटर खपत से अधिक खर्चा दर्शा रहे हैं। साथ ही बरसात का मौसम शुरू हो चुका है और बिजली विभाग तय समय से अधिक और अनेकों बार बिजली सप्लाई बंद करते हैं जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही जानबूझकर बिजली विभाग के कर्मचारी रात्रि में ग्रामीण अंचलों में दो फेस डिम एवं एक फेस पूरा देते हैं जिससे वोल्टेज लो होने के कारण घरों में लगे उपकरण सहित ट्रांसफार्मर की भी क्षति होती है। इसी तरह कभी-कभी 11 केव्ही सप्लाई होने लगती है जिससे लाइनें फाल्ट होती हैं और जिनका सुधार कार्य हफ्तों तक नहीं हो पाता है। ज्ञापन में बताया गया की जबेरा विधानसभा के मुख्यालय से चार किलोमीटर की दूरी पर ग्राम कोंरता में कई ट्रांसफार्मर खराब है और 100 केव्ही के ट्रांसफार्मर दो माह में तीन से चार बार बदल चुका है। इस दौरान आम आदमी पार्टी के मजदूर संघ प्रदेश अध्यक्ष बसंत राय ने बताया कि बिजली कंपनी की अवैध वसूली बिगड़ी व्यवस्था और मनमाने बिजली बिल के विरोध में आज आम आदमी पार्टी ने जबेरा क्षेत्र के साथियों के साथ अनुविभागीय अधिकारी महोदय के नाम तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सौंप कर बिजली विभाग की मनमानी और व्यवस्था में शीघ्र सुधार कार्य कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से मजदूर संघ प्रदेश अध्यक्ष बसंत राय, विधानसभा संयोजक किशोर नामदेव, जिला उपाध्यक्ष हेमंत राय सहित अनेक लोगों की उपस्थिति रही।

## एक अपराधी पर की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**दमोह।** जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 01 अपराधी पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। उन्होंने थाना बटियागढ़ के अनावेदक अक्कू ऊर्फ विजय शुक्ला पिता परषोत्तम शुक्ला निवासी ग्राम बटियागढ़ को आगामी 01 माह अर्थात 30 दिवस की कालावधि तक के लिये दिये गये निर्देशों का पालन करने हेतु पाबंद किया है। जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार अनावेदक प्रत्येक सोमवार को थाना प्रभारी बटियागढ़ के समक्ष अपनी उपस्थिति अनिवार्यतः दर्ज करायेगा तथा सामान्य नागरिक की भांति नेक चाल चलन बनाकर रखेगा। इन निर्देशों का उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश जिला मजिस्ट्रेट के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर मनाई खुशियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के संगठन पर्व में प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण होने पर बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर जिला भाजपा कार्यालय में गाजे बाजे एवं आतिशबाजी के बीच पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर बधाई देते हुए जश्न मनाया। जिला महामंत्री सतीश तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व का समापन आज प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन के हो गया। सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को इस अवसर पर बहुत बहुत बधाई। जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी ने कहा कि आज प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचन पर हम सभी कार्यकर्ताओं ने अतिशबाजी कर और गाजे बाजे के साथ मिठाई बांटकर खुशी मनाई। जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज ने कहा कि संगठन पर्व हम सभी के लिए किसी त्यौहार जैसा है इसलिए आज की खुशी हम सभी त्यौहार जैसे मना रहे हैं। जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित है और उसी के अंतर्गत बूथ से लेकर मंडल, जिला के निर्वाचन पश्चात आज प्रदेश अध्यक्ष का निर्वाचन हुआ।

## चार अपराधियों पर की जिला बदर की कार्यवाही

**दमोह।** जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 04 अपराधियों पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक संतोष पटैल पिता नन्हें भाई पटैल निवासी ग्राम तांवरी थाना जबेरा को आगामी 03 माह अर्थात (90 दिवस) की कालावधि के लिये, अनावेदक विक्रम सींग आदिवासी पिता सरदार सींग आदिवासी उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम बनवार थाना नोहटा को आगामी 03 माह अर्थात (90 दिवस) की कालावधि के लिये, अनावेदक गुफरान ऊर्फ सलमान कुरैशी पिता सलीम कुरैशी निवासी बजरिया वार्ड नं.-01 चमन चौक दमोह थाना कोतवाली को आगामी 02 माह अर्थात (60 दिवस) के लिये तथा अनावेदक आजाद ऊर्फ पशु पिता गुफरान ऊर्फ गुड्डा ऊर्फ उस्मान कुरैशी निवासी कसाई मंडी दमोह थाना कोतवाली को 45 दिवस की कालावधि के लिये दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं तथा आसपास के जिला सागर, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, पन्ना, छतरपुर से निष्कासित कर दिया है तथा आदेशित किया है कि अनावेदक आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर दमोह जिले की सीमाओं से बाहर चला जाये एवं अपने आचरण में सुधार करें। जिला बदर की अवधि में अनावेदकों को केवल उनके विरूद्ध चल रहे न्यायालयीन प्रकरणों में पेशी दिनांक को उपस्थिति हेतु छूट रहेगी, परंतु इसके पूर्व अनावेदक गण थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देंगे तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात वह इस आदेश का पालन सुनिश्चित करेंगे। इस आदेश का उल्लंघन करने पर अनावेदकगणों के विरूद्ध म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश जिला मजिस्ट्रेट के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया है।

## भारती महिला मंडल द्वारा किया वृक्षारोपण

### एक पेड़ माँ के नाम के संदेश के साथ हरियाली की ओर एक कदम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

ग्राम भारती महिला मंडल संस्था द्वारा चलाए जा रहे एसपी कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को ग्राम भटपुरा के प्राथमिक विद्यालय परिसर एवं मंदिर परिसर में प्रेरणादायी वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ की भावना को समर्पित था, जो मातृत्व एवं प्रकृति के प्रति श्रद्धा का मार्मिक संदेश है। विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए, जिनमें फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक, स्थानीय ग्रामीण, समूह की महिलाएं एवं विद्यालय के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था, बल्कि बच्चों एवं समुदाय को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार नागरिक के रूप में जागरूक करना था।

# पंचायतों में विशेष कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

किसानों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से सिंग्रामपुर और गुबरा गौशाला ग्राम पंचायतों में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल के तहत, क्षेत्र के लगभग 250 किसानों को उड़द की मिनी किट वितरित की गईं। इस वितरण का मुख्य लक्ष्य किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराकर उड़द की फसल को बढ़ावा देना और समग्र कृषि उत्पादन में वृद्धि करना है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय नेताओं की उपस्थिति दर्ज की गई। इनमें सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, सरपंच भगवानदास यादव, मुलायमचंद जैन, और रामेश्वर पटेल शामिल थे, जिन्होंने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। उड़द मिनी किट का वितरण कार्य ग्राम पंचायत सिंग्रामपुर में कृषि विस्तार अधिकारी के.एल. चौरसिया और दिनेश पटेल द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि अजय राय, अमित साहू, कल्याण चौधरी, रमेश राय, सुनील शुक्ला, ग्राम पंचायत सचिव राकेश सिंह, और सहायक सचिव महेंद्र सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे। यह प्रयास किसानों को बेहतर कृषि संसाधन मुहैया कराने और क्षेत्र के कृषि विकास को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## आबकारी विभाग दमोह द्वारा की गई जप्ती की कार्यवाही

**दमोह।** अवैध मदिरा विक्रय, संग्रहण, परिवहन और उपभोग के विरुद्ध कार्यवाही के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी रविंद्र खरे के निर्देशन में आबकारी वृत अ प्रभारी अनुरोध सेन के द्वारा थाना दमोह देहात अन्तर्गत दमोह-बालाकोट मार्ग पर सिद्ध बाबा पहाड़ी पास एक संदिग्ध मोटर साइकिल चालक को रोककर मोटर साइकिल पर टंगे थैले की तलाशी लेने पर उससे कुल 120 पाव देशी मसाला मिलने पर उक्त अवैध मदिरा और मदिरा परिवहन में प्रयुक्त वाहन मोटर साइकिल को जप्त करते हुए आरोपी मोटर साइकिल चालक के विरुद्ध विधिवत मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1)(क) का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। जप्त सामग्री मदिरा और वाहन की कीमत लगभग 62000 रुपए है। उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक कुलदीप कटारे, भूपति सिंह और महिला आरक्षक गीतांजलि गुप्ता शामिल रहे।

## माहर्रम को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



आगामी 7 जुलाई को मोहर्रम पर्व मनाए जाने हेतु व्यवस्थाओं को बनानें थाना परिसर में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र खटीक, एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन, तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्यक्ष की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। चर्चा के दौरान मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा बताया गया कि रविवार की रात अलाव एवं ताजियों की सवारी की जानकारी दी गई एवं मुहर्रम पर्व पर सुबह के समय एवं रात्रिकालीन में अखाड़ों के साथ साथ निकलनें वाले ताजियों की व्यवस्थाओं के संबध में अवगत कराया गया जिसमें मंदिर मस्जिद चौराहा एवं बड़ा बाजार में सवारियों को रखनें के लिए तखत की व्यवस्था एवं सडक मार्गो की साफ-सफाई एवं विद्युत व्यवस्था बनाएं जानें की बात रखी गई। जसपाल तहसीलदार ने व्यवस्थाएं बनाई जाने हेतु नगर पालिका को निर्देशित किया। वहीं थाना प्रभारी द्वारा बैठक में बताया कि मोहर्रम पर्व पर ताजिया जुलूस के दौरान पुलिस द्वारा पूरी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किया जायेगे। बैठक में पार्षद अंजार खान, रसीद सिद्दीकी, शहजाद खान, कैलाश ताम्रकार साथ अन्य लोगो की उपस्थिति रही।

## प्रशिक्षण की सीख को जीवन में उतारना जरूरी है: प्राचार्य मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हटा में पीएम जिले के पीएम श्री विद्यालय में अध्यापन कार्य करवाने वाले शिक्षकों का पांच पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य एस.के. मिश्रा ने कहा कि सीखी हुई बातों को विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में स्थापित करना ही प्रशिक्षण की सफलता है। सहायक प्राध्यापक आर.पी. विश्वकर्मा ने शांति के लिए शिक्षा पर बात रखते हुए इसकी आवश्यकता को उजागर किया। प्रशिक्षण प्रभारी ए.के.सिंह ने संवैधानिक मूल्यों की आवश्यकता और उपयोगिता की सार्थकता पर बात की, एफएलएन प्रभारी अरुण पटेल ने लैंगिक समानता की



आवश्यकता पर बल देते हुए शिक्षण में इसके उपयोग के लिए प्रेरित होने की बात कही, व्याख्याता विजय बहादुर सिंह ने आलोचनात्मक चिंतन को विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। श्रीमती उमा सोनकिया ने प्रशिक्षण में गतिविधियों की उपयोगिता को स्पष्ट किया। प्रशिक्षण नोडल माधव पटेल एवं दिनेश प्यासी ने प्रशिक्षार्थियों को दो कक्षों में व्यवस्थित करते हुए मास्टर ट्रेनर अतुल खरे, राजकुमार कोष्टी, चित्तर सिंह ठाकुर, ध्रुव गोस्वामी द्वारा शिक्षकों को संवैधानिक मूल्य,नागरिकता कौशल एवं भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित क्रियाकलाप युक्त गतिविधियों के माध्यम से संविधान, संस्कृति, नागरिकता, भावनात्मक संतुलन, लैंगिक समानता, बहु संस्कृतिवाद शांति के लिए शिक्षा, भारतीय कला परंपरा, व्यवसायिक कौशल एवं उद्यमशीलता,जीवंत लोकतंत्र एवं पोक्सो पर आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अगले पांच दिवसों में 21वीं सदी के कौशल अंतर्गत आलोचनात्मक सोच, सृजनात्मकता, संप्रेषण कौशल, मीडिया सूचना, डिजिटल साक्षरता, नेतृत्व, उत्पादकता आदि विषयों पर विस्तार से गतिविधियां साझा की गई। प्रशिक्षण में तकनीकी सहयोग मनीष दीक्षित ने किया।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की हुई प्रखंड बैठक

**तेंदूखेड़ा।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल की दमोह जिला के तेन्दूखेड़ा प्रखण्ड की बैठक संपन्न हुई बैठक में जिला मंत्री शम्भु विश्वकर्मा , जिला संयोजक गोलू चौबे की उपस्थिति रही साथ में प्रखंड मंत्री उदय सेन, अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, संयोजक तेजी ठाकुर, दमोह नगर मंत्री देवेश ठाकुर उपस्थित रहे। जिला मंत्री द्वारा



बैठक में बजरंगदल के चल रहे सेवा सप्ताह के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी गई और संगठन विस्तार हेतु नवीन ग्राम समितियों की घोषणा की गई जिला संयोजक द्वारा बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा की जानकारी दी है संगठन विस्तार हेतु प्रखण्ड के ग्राम समितियों की घोषणा हुई जिनमें बगदरी, अजीतपुर, दलपतखेड़ा, खमरिया, नरगुवा, तेजगढ़, बम्हौरी, झरौली, सहजपुर, पतलौनी, बादीपुरा, सैलवाड़ा, पांजी, जरुआ, हरई, समनापुर ,रिचकुड़ी समितियों की घोषणा हुई। बैठक में प्रखंड, खंड, ग्राम समितियों के अधिक संख्या में विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल के पदाधिकारी एवं सैकडो की संख्या में कार्यकर्ता बंधुओं की उपस्थिति रही ।

## पुलिस महानिरीक्षक सागर ज़ोन सागर की अध्यक्षता में पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल पन्ना में आयोजित की गई अपराध समीक्षा बैठक

### हरियाली दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन परिसर पन्ना में वृक्षारोपण कर दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पन्ना।

पुलिस महानिरीक्षक, सागर ज़ोन सागर श्रीमती हिमानी खन्ना के दिनांक 01 जुलाई 2025 को पन्ना पुलिस लाइन आगमन पर गार्ड द्वारा उन्हें जनरल सलामी दी गई। इसके पश्चात पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में उनकी अध्यक्षता में अपराध



समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त थानों के लंबित अपराध, महिला एवं बच्चों से संबंधित प्रकरणों, तथा शिकायतों की स्थिति की समीक्षा की गई। आईजी महोदय ने अधिकारियों को प्रकरणों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं प्रभावी निराकरण के स्पष्ट निर्देश दिए। आईसीजेएस एवं सीसीटीएनएस पोर्टल पर की गई प्रविष्टियों की भी जाँच की गई। थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ाने, शांति व्यवस्था बनाए रखने, तथा महिलाओं एवं बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष निगरानी रखने को कहा गया। इसके साथ ही पुलिस बल को निर्देशित किया गया कि बारिश के मौसम को देखते हुए, बाढ़ संभावित क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण, नदी-नालों व जलभराव वाले स्थानों पर चेतावनी बोर्ड की व्यवस्था,खतरनाक/जर्जर भवनों, पेड़ों एवं दीवारों से नागरिकों को दूर रहने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाए। सोशल मीडिया पर चल रही आपत्तिजनक या भ्रामक गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के साथ-साथ पीड़ित प्रतिकर योजना के अंतर्गत शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए।

**हरियाली दिवस पर वृक्षारोपणरू पर्यावरण संरक्षण की पहल**

बैठक के पूर्व हरियाली दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती हिमानी खन्ना द्वारा मुख्य रूप से पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

खबर संक्षेप

## द्वितीय दिवस कोई नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं किया

**दमोह** । मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन भोपाल द्वारा पंचायत उप निर्वाचन वर्ष 2025 (पूर्वार्द्ध हेतु) हेतु घोषित कार्यक्रम के अनुसार जनपद पंचायत हटा के क्षेत्र क्रमांक 16 गैसाबाद के रिक्त पद हेतु नाम निर्देशन की प्रक्रिया की जा रही हैं। रिटर्निंग ऑफिसर राकेश सिंह मरकाम ने बताया विकासखंड हटा के जनपद पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 16 गैसाबाद के रिक्त स्थांन भरने हेतु आज द्वितीय दिवस कोई नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं किया गया।

## चेक बाउन्स प्रकरण में आरोपी दोष मुक्त

**दमोह**। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अनुप्रेक्ष जैन दमोह के द्वारा दिनांक 02 जुलाई 2025 को प्रकरण कमांक 252/2023 के तहत परिवादी प्रशांत रोहित द्वारा प्रस्तुत दो लाख रूपये प्राप्त करने हेतु प्रकरण न्यायालय के समक्ष पेश किया था। जिस पर अभियुक्त पंकज अहिरवार के द्वारा न्यायालय के समक्ष यह बताया गया था कि प्रस्तुत चैक जमीन विक्रय करते समय ही चैक राशि का भुगतान कर दिया गया था तथा अभियुक्त द्वारा इस संबंध में दस्तावेज व रजिस्ट्री पेश की गयी थी, जिस पर अभियुक्त के अधिवक्ता आशीष भट्ट के द्वारा प्रस्तुत तर्क व दस्तावेज से सहमत होते हुये उक्त चैक प्रकरण से आरोपी के दोषमुक्त करने का आदेश पारित किया है।

## मुख्यमंत्री करेंगे मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप की प्रतिपूर्ति राशि ट्रांसफर

**दमोह**। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है कि राज्य सरकार द्वारा ऐसे सभी प्रतिभाशाली छात्र छात्राएं जो कि माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड से 12 वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है, ऐसे प्रतिभाशाली, मेधावी विद्यार्थी को लैपटॉप प्रदान करने के लिए राशि की प्रतिपूर्ति सरकार करती है और इस सिलसिले में राज्य स्तरीय कार्यक्रम 4 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा इस संबंध में निर्देश है कि जिला स्तर पर भी एक कार्यक्रम किया जाये और साथ में विकासखंड स्तर पर भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाऐंगे, जहाँ पर प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। लैपटॉप की राशि डायरेक्टली सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी द्वारा छात्र-छात्राओं के खातों में ट्रांसफर की जायेगी। इसी कड़ी में जिला स्तरीय कार्यक्रम 4 जुलाई को पी.जी कॉलिज ऑडिटोरियम में होगा जिसमें कक्षा 12 वीं के प्रतिभावान विद्यार्थी शामिल होंगे।

### मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन, अधिकारियों के समझाइश के बाद माने आदिवासी लोग

# वनभूमि से बेदखली के खिलाफ आदिवासियों ने थाने के सामने ढाई घंटे तक लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले ग्राम तारादेही में मंगलवार को आदिवासियों ने बड़ा प्रदर्शन किया। मप्र वन अधिकार संघर्ष समिति के तत्वाधान में सुबह 11 बजे से ग्राम तारादेही में जनसभा आयोजित की गई। जिसमें शासन-प्रशासन द्वारा आदिवासियों के खिलाफ किए जा रहे अत्याचार, वन भूमि से बेदखली सहित अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा की। वहीं दोपहर करीब 3 बजे से पुलिस थाना के सामने जाम लगा दिया। जिससे मुख्य मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। जाम की सूचना मिलते ही तेन्दूखेड़ा एसडीएम सौरभ गंधर्व एसडीओपी डीएस ठाकुर तारादेही थाना प्रभारी राजीव पुरोहित तेन्दूखेड़ा थाना प्रभारी नीतेश जैन तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद ठाकुर सहित चार थाने का पुलिस स्टाफ व राजस्व विभाग और वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे अधिकारियों ने आदिवासियों को समझाइश दी। करीब ढाई घंटे तक चले जाम के बाद शाम करीब 5.20 बजे जाम खोला गया। इस दौरान उपस्थित आदिवासियों ने मुख्यमंत्री, वन मंत्री व कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया। जिसमें बताया कि वर्ष 2005 से वनभूमि पर काबिज दावेदारों का जब तक अंतिम निराकरण नहीं हो जाता, तब तक उन्हें बेदखल न किया जाए एवं फसल बोवने की अनुमति दी जाए। वन विभाग द्वारा पट्टे धारियों को ट्रेक्टर से जुताई, बुआई करने से न रोका जाए, ग्राम उपखंड एवं जिला वनाधिकार समिति द्वारा निरस्त किए गए सभी दावों पर शीघ्र ही पुनः सुनवाई की जाए। इसके अलावा अन्य मांगें रखी गईं। इस दौरान जनपद अध्यक्ष तुलाराम यादव, खमरिया सरपंच शिवराज सिंह, देशराज सिंह सहित विभिन्न गांव से आए आदिवासी मौजूद थे। रेंजर देवेंद्र गुर्जर का कहना है कि पूरे प्रदेश में वन भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी को लेकर तेंदूखेड़ा क्षेत्र में भी अतिक्रमण हटाया जा रहा है।

# थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



## बस स्टैंड से हटा तिराहा तक यातायात व्यवस्थित करने तहसीलदार ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

मुहर्रम पर्व सहित आगामी पर्वो को लेकर पुलिस थाना परिसर में थाना प्रभारी सरोज सिंह ठाकुर ने शांति कमेटी की बैठक अयोजित की। प्रभारी तहसीलदार शिवराम चढार एवं नायब तहसीलदार राजेश सोनी बैठक में प्रमुख रूप से शामिल हुये। सभी ने 6 जुलाई को मुहर्रम पर्व भाईचारे से मनाने की बात कही। मुस्लिम भाईयों ने बताया कि नगर में चार ताजिया रखे जाते है। जिसमें दो शहर गश्त को बस स्टेण्ड तक आते है। कत्ल की रात्रि में पुरानी स्टेट बैंक के पास तक आते है। थाना प्रभारी ने पुलिस डयूटी लगाने व परिषद की ओर से सभी व्यवस्थाओं की बात कही गई। थाना क्षेत्र के अन्य ग्रामों में भी ताजिया रखे जाने की जानकारी थाना प्रभारी द्वारा ली गई। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचंद अहिरवार, पार्षद पुष्पेन्द्र सोनी, दयांशकर चौबे, शंकर तंतुवाय, नरेन्द्र बजाज, बलराम पटेल, डा सदाकत खान, विकाखण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश गूजर, डॉ सत्यम सिंह राजपूत, अनवर खान, कलीमुद्दीन खान, शाकिर शा, उमेश ताम्रकार, परिषद से सुनील पाण्डे, नीतेश चौरसिया, कमलेश नामदेव, लक्ष्मण विश्वकर्मा, पर्वत सिंह सहित शांति समिति के सदस्य बडी संख्या में शामिल रहे। इस अवसर पर तहसीलदार श्री चढार ने बस स्टेण्ड तिराहे से हटा तिराहे तक यातयात व्यवस्था को सुदृढ व सुचारू करने सभी से चर्चा की। विशेष रूप से सोमवार बाजार के दिन होने वाली परेशानी एवं किसी बड़ी दुर्घटना को रोकने हेतु चर्चा की। तहसीलदार पुलिस व परिषद का एक दल बना कर रेडियम से एक लाइन खींची जायेगी जिसके भीतर गाडी खड़ी रहेगी। पार्किंग हेतु भी व्यवस्था की जायेगी। समझाइश के बाद आदेश न मानने वालो पर चालानी कार्यवाही की जायेगी। यह दल पशुओं की व्यवस्था भी करेगा जिससे सब कुछ व्यवस्थित हो जायेगा। इससे सभी से सहयोग लिया जायेगा। सभी ने पूरे सहयोग का आश्वासन दिया। पुलिस स्टाफ के अन्य अधिकारी भी बैठक में उपस्थित थे।

## दो प्रकरणों में 10 हजार 500 रूपये का ईनाम

**दमोह**। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले के 02 प्रकरणों में 10 हजार 500 रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना दमोह कोतवाली के अपराध क्रमांक 856/2024 धारा 296,331(6),115(2), 351(2), 304, 3(5) बीएनएस के तहत आरोपी चिंटू ऊर्फ प्रशांत पाण्डेय निवासी लोको दमोह, कृष्णा तिवारी पिता बलराम तिवारी निवासी मागंज वार्ड नं.-05 दमोह पर 2500-2500 रूपये तथा चिंटू ऊर्फ राहुल ठाकुर निवासी लोको दमोह पर 2000-2000 रूपये का इनाम घोषित किया है। इसी प्रकार थाना पटेरा के अपराध क्रमांक 96/25 धारा 34 (2),42, आबकारी एक्ट के तहत आरोपी विद्दु ऊर्फ विद्या दहायत निवासी देवरी कुड़ई थाना पटेरा पर 2000 रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने जानकारी दी है कि उक्त प्रकरणों में जो कोई व्यक्ति/कर्मचारी/अधिकारी फरार आरोपियों, संदेही आरोपियों एवं अज्ञात आरोपियों को गिरफ्तार करेगा या करायेगा या ऐसी उपयुक्त सूचना देगा जिससे फरार आरोपियों, की गिरफ्तारी संभव हो सके ऐसे व्यक्ति को नकद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया जायेगा। उक्त ईनाम प्रदान करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक का निर्णय अंतिम होगा।

# चार किलोग्राम अवैध गांजा परिवहन करते पाए गए आरोपी को हुई तीन वर्ष की सजा

**दमोह**। न्यायालय अमर गोयल, विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट दमोह की अदालत ने आरोपी रामस्वरूप उर्फ भूरा अहिरवार निवासी ग्राम, सुरई, जबेरा को धारा 20(बी)(ii)(बी) एनडीपीएस एक्ट में 03 वर्ष की अवधि का सश्रम कारावास व 25,000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी सतीश कपस्या द्वारा बताया गया कि अभियोजन मामला संक्षेप में इस प्रकार है कि पुलिस थाना - नोहटा, जिला दमोह में पदस्थ उपनिरीक्षक/जप्तीकर्ता अधिकारी बद्री प्रसाद प्यासी अ.सा. 13 को 22 जनवरी 2021 को वाहन चैकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुयी कि जबेरा तरफ से दो व्यक्ति एक बिना नंबर की मोटरसाईकिल से गांजा लेकर नोहटा तरफ आ रहे थे, जिस सूचना की तस्दीक हेतु उसने हमराह स्टाफ प्रधान आरक्षक स्व.मणिभाई, आरक्षक रोहित, कृष्णकांत, रविकांत, शुभम चौबे मय शासकीय वाहन क. एम.पी.03 ए 6106 के चालक आरक्षक अनिकेत को साथ लेकर अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर मुखबिर सूचना का पंचनामा तैयार किया। चैकिंग के दौरान मौके पर उपस्थित राहगीर इब्राहिम अ.सा. 2 को नोटिस देकर मुखबिर की सूचना से अवगत कराया गया तथा सर्च वारण्ट प्राप्त न कर सकने संबंधी पंचनामा तैयार कर जरिये आरक्षक शुभम चौबे एस. डी.ओ.पी. तेन्दूखेड़ा को लिखित तहरीर भेजी. उसने उपस्थित स्टॉफ, साक्षीगण तथा हमराह को लेकर घटनास्थल 17 मील चौराहा पर जाकर छिपकर जबेरा तरफ से आने वाली मोटरसाईकिल की निगरानी की तो कुछ समय पश्चात जबेरा तरफ से एक बिना नंबर की मोटरसाईकिल पर दो व्यक्ति आते दिखे, जिन्हें हमराही स्टॉफ की मदद से घेराबंदी कर पकड़ने की कोशिश करने पर मोटरसाईकिल चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मोटरसाईकिल छोडकर भाग गया तथा तथा दूसरे व्यक्ति को पकड़कर नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम वीरन सींग गौड़, निवासी मझगुवां होना बताया. आरोपी वीरन से मोटरसाईकिल चालक का नाम पता पूछने पर उसने उसका नाम भूरा अहिरवार, निवासी सुरई होना बताया.आरोपी वीरन सींग अपने हाथ में लाल सफेद रंग के थैले में कुछ सामान लिये था, जिसको मुखबिर की सूचना से अवगत कराते हुये इस बावत पंचनामा तैयार कर संदेही से तलाशी बावत सहमति पंचनामा तैयार किया गया.वंहा उपस्थित स्टाफ, साक्षीगण व शासकीय वाहन तथा स्वयं की तलाशी आरोपी वीरन को दिये जाने पर कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई, तत्पश्चात अभुयिक्त के आधिपत्य के थैले की तलाशी लिये जाने पर एक प्लास्टिक की पन्नी में मादक पदार्थ गांजा जैसी वस्तु दिखायी देने पर उक्त मादक पदार्थ में से थोड़ी सी मात्रा को उपस्थित स्टॉफ के समक्ष रगड़कर, सूंघकर व जलाकर देखने पर मादक पदार्थ गांजा होने की पुष्टि हुई.जिसका पहचान पंचनामा मौके पर तैयार किया गया. उक्त गांजे की तौल हेतु आरक्षक रविकांत को करबा नोहटा शासकीय वाहन से भेजकर तराजू मंगाया गया, जिसका भौतिक सत्यापन कर पंचनामा तैयार करने के उपरांत अभियुक्त वीरन के आधिपत्य से बरामद गांजे की तौल करने पर कुल 04 किलो 100 ग्राम कीमती करीब 60 हजार रूपये का मादक पदार्थ गांजा होना पाये जाने पर आरोपी से उक्त गांजा को रखने एंव परिवहन किये जाने के संबंध में दस्तावेज पूछे जाने पर उसने न होना बताया.न्यायालय में आई साक्ष्य और अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तर्कों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी रामस्वरूप उर्फ भूरा को धारा 20(बी)(ii)(बी) एनडीपीएस एक्ट में 03 वर्ष की अवधि का सश्रम कारावास एवं 25,000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक निदेशक अभियोजन धर्मेंद्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक श्रीमती अंशुल मिश्रा द्वारा की गई।

# सेंट जॉन्स स्कूल को अभिभावकों वापस करना होंगे के 6 करोड़ 25 लाख से अधिक की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्य प्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 एवं नियम 2020 के अन्तर्गत विद्यालय तथा जिला समिति द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के परीक्षण उपरान्त राज्य समिति ने विद्यालय द्वारा की गयी अपील में कोई भी तर्क जिला समिति द्वारा पारित निर्णय के विरूद्ध नहीं पाये जाने पर विद्यालय की अपील को खारिज करते हुए राज्य समिति द्वारा जिला समिति के आदेश को यथावत बनाए रखा गया। राज्य समिति के आदेश अनुरूप सेंट जॉन्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल दमोह द्वारा अभिभावकों को 6 करोड़ 25 लाख 86 हजार 2 सौ 90 रूपये वापस करना होंगे। साथ ही जिला समिति द्वारा अधिरोपित की गयी 2 लाख रूपये की शास्ति राशि आयुक्त लोक शिक्षण के खाते जमा करनी होगी। ज्ञातव्य है मध्य प्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 एवं नियम 2020 के अन्तर्गत गठित जिला समिति दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में विद्यालय द्वारा सत्र 2017-18 से सत्र 2024-25 तक वसूली गयी फीस, ऑडिट रिपोर्ट, सत्र 2024-25 में लागू की गयी पुस्तकों के आईएसबीएन, बस्ते के वजन आदि की जाँच करायी गयी। जाँच में पाया गया कि सेंट जॉन्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल दमोह द्वारा अभिभावकों से सत्र 2022-23, 2023-24 एवं सत्र 2024-25 में 6 करोड़ 25 लाख 86 हजार 2 सौ 90 रूपये अनुचित फीस वृद्धि करके फीस वसूली गयी। साथ ही विद्यालय द्वारा मध्य प्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 एवं नियम 2020 के विभिन्न प्रावधानों, स्कूल बैग पालिसी एवं सीबीएसई बायलॉज का उल्लंघन किया गया। इसके साथ ही विद्यालय द्वारा लागू की गयी 52 लाख 24 हजार 75 रूपये की पुस्तकों के आईएसबीएन फेक/डुप्लीकेट पाए गए। अनुचित फीस वसूली एवं नियमों का उल्लंघन पाये जाने के फलस्वरूप जिला समिति द्वारा विद्यालय को अभिभावकों से वसूली गयी अतिरिक्त फीस को वापस किए जाने हेतु 16 जनवरी 2025 को आदेश जारी किया गया साथ ही 2 लाख रूपये की शास्ति अधिरोपित की गयी। जिला समिति द्वारा जारी किए गये आदेश के विरूद्ध विद्यालय प्रबंधन सेंट जॉन्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल दमोह द्वारा राज्य समिति के समक्ष 31 जनवरी 2025 को अपील की गयी साथ ही उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका क्रमांक 6927/2025 दायर की गयी। उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा विद्यालय द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए निर्णय पारित कर राज्य समिति को उक्त आदेश का निराकरण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिला समिति द्वारा फीस वापसी के संबंध में जारी किए गए आदेश 16 जनवरी पर 09 जून 2025 को विद्यालय तथा जिला समिति को अपना पक्ष रखने हेतु भोपाल आमंत्रित किया गया जहां विद्यालय तथा जिला समिति ने अपने पक्ष रखें।

# जैनाचार्य श्री विशुद्ध सागर का पथरिया में हुआ मंगल आगमन, होगा भव्य चातुर्मास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया



धर्म गौरव का ऐतिहासिक क्षण नगर की पुण्यधरा पुनः धर्म, संयम और पुण्य प्रभावना की दिव्य आभा से आलोकित हो उठी है। परम पूज्य समाधि सम्राट वात्सल्य रत्नाकर गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य अध्यात्म योगी पट्टाचार्य आचार्य गुरुदेव श्री 108 विशुद्ध सागर जी महामुनिराज का चातुर्मास वर्षायोग 2025 का मंगल आयोजन विरागोदय तीर्थ, पथरिया में होने जा रहा है नगर में श्री 108 विशुद्ध सागर जी महामुनिराज ससंघ का भव्य, ऐतिहासिक,अद्भुत और अनुपम अगवानी का पुण्य अवसर भी नगरवासियों को प्राप्त हुआ है। इस अवसर को अविस्मरणीय, ऐतिहासिक और अद्वितीय बनाने में संपूर्ण पथरिया नगर की सर्व समाज सकल दिगंबर जैन समाज, समस्त आयोजन समितियों,विरागोदय तीर्थ क्षेत्र समिति,चातुर्मास आयोजन समिति, युवा मंडल, महिला मंडल, बालिका मंडल, एवं समस्त श्रद्धालु समाजजनों ने दिन-रात अपनी पुण्य भावना, समर्पण और अथक परिश्रम से इस आयोजन को धर्म इतिहास का स्वर्णिम अध्याय बना दिया।भव्य मंगल आगवानी में सिलवानी से आई व्यायाम शाला,दिव्य घोष ने शमा बांध दिया,ए से हैरतअंगेज कारनामों को देख देर तक लोग तालिया बजाते रहे।जलूस की लंबाई 1 किलोमीटर से अधिक की रही जिसमें बैंड बाजे, डीजे,घोड़ा बग्गी, महिलाए सिर पर कलश विराजित कर भक्ति नृत्य में मग्न दिखी। श्रद्धालुओं ने अपने घरों के सामने तोरण द्वार सजाकर भावों से भरे कलश में जल लेकर चरण धुलाए।जलूस बड़े जैन मंदिर में संपन्न हुआ। जहां मंगल देशना का लाभ भक्तों को प्राप्त हुआ।

# 46 वीं महाआरती में उमड़ा जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



अग्रवाल समाज दमोह के द्वारा प्रत्येक माह महाराजा अग्रसेन की महा आरती का आयोजन फुटेरा वार्ड 2 महाराजा अग्रसेन मंदिर अग्रसेन चौक में किया जाता है जिसके क्रम में 46 वी महा आरती का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पंडित बृजेश पाठक के सानिध्य में भगवान श्री गणेश माता लक्ष्मी महाराजा अग्रसेन का पूजन अर्चन किया गया इसके पश्चात महा आरती का आयोजन किया गया। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। आरती करने का सौभाग्य नंदकिशोर अग्रवाल दवाई परिवार को प्राप्त हुआ। आरती में मुख्य रूप से अग्रवाल समाज के अध्यक्ष रवि शंकर अग्रवाल, अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के संभागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री रमा अग्रवाल, ट्रस्ट अध्यक्ष जीवनलाल अग्रवाल, वैमस के संभागीय अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, समाज के वरिष्ठ रामगोपाल अग्रवाल, डॉक्टर जेपी पसारी, डॉक्टर अशोक श्रीकांत, सीताराम, केदारनाथ, गुरु दत्त, दिनेश, रमेश कुमार, राजेश, मनोज, विजय, जुगल, नरेंद्र अधिवक्ता, विनोद, राजेंद्र संदीप किशोरी मनीष कांत राज बहादुर अमित, अतुल, कृष्णकांत, अनिल, नितिन, गुरुदत्त, अंजलि, रिद्धि, वंदना, राधा, गायत्री, मैया रानी, सीधा रानी, प्रतिमा, पूजा, अभिधा, सिद्धि, आवनिता, शोभा, स्वामी, समृद्धि जैसी भूमि सरिता सविता लविषा सपना सारिका पीहू प्रमिला उर्मिला कुसुम सुनीता सीता रानी सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुष की उपस्थिति रही। वही 8 जुलाई को होने वाले अग्रवाल समाज के चुनाव को लेकर आज चुनाव समिति के द्वारा मॉक पोल कराया गया।

## वन विभाग के माध्यम से 13 लाख वृक्ष लगाये जायेंगे-कलेक्टर

**दमोह**। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा है जिले में वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए 30 तारीख को सभी सामाजिक संगठनों और विभागों के साथ बैठक ले ली गई है और कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तैयार हो रही है कि कहाँ-कहाँ किस तरीके से वृक्षारोपण किया जायेगा। स्थानो का निरीक्षण भी कर लिया गया है। वन विभाग के द्वारा लगभग 11 से 13 लाख वृक्ष लगाए जाएंगे, जिसमें पहाड़ी एरिया, राजनगर का कैचमेंट, सीता बावड़ी इसके अलावा कई एरिया जहाँ पर वृक्षारोपण संभव है, वहाँ सभी जगह वन विभाग के माध्यम से लगभग 13 लाख के आसपास वृक्ष लगाए जाएंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा सभी स्कूल, छात्रावास, शैक्षणिक या गैर शैक्षणिक संस्थान जहाँ जहाँ पर बाउंड्रीवाल है, जहाँ पर पौधों को सुरक्षित सहेज कर रखा जाना संभव है, उन सभी जगह पर पौधारोपण 30 सितंबर तक कराया जायेगा। इसके अलावा नगर पालिका क्षेत्र में डिवाइडर है, उनके मध्य में भी वृक्षारोपण कराना जाना है। जटाशंकर पार्क को सर्वप्रथम अच्छे से डेवलप करके फिर उसके बाद वृक्षारोपण किया जायेगा। इस तरह से पूरी एक कार्ययोजना बनाई गई है और उस कार्ययोजना को चरणबद्ध रूप से क्रियान्वित किया जायेगा। उन्होंने कहा इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखा जाएगा कि पौधे वहीं लगाए जाएं और तभी लगाए जाएं जब उनकी उत्तर जीवितता सुनिश्चित हो सके, संख्या से ज्यादा गुणवत्ता के ऊपर ध्यान दिया जाएगा।

# पौधरोपण के लिए 66 स्थान चयनित

**दमोह**। जिले में वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम तैयार किया गया और वृक्षारोपण किया जा रहा है। इस संबंध में वन मंडल अधिकारी सामान्य वन मंडल दमोह ईश्वर जरांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया वर्षा ऋतु 2025 के अवसर पर जो पौधरोपण कराया जा रहा है उसमें वन मंडल दमोह के अंतर्गत 66 स्थानो का चयन किया गया है जिसके तहत 3103.55 हेक्टर वन क्षेत्र में विभिन्न प्रजाति के 13 लाख 29 हजार 840 पौधे रोपित किए जाएंगे। वन मंडल अधिकारी श्री जरांडे ने बताया कि वर्तमान में 7 लाख 31 हजार 50 पौधों का रोपण किया जा चुका है। उन्होंने बताया राज्यमंत्री संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी के द्वारा सागोनी परिक्षेत्र के तहत पौधारोपण किया गया। इसी श्रृंखला में वन परिक्षेत्र हटा अंतर्गत वन मंडल अधिकारी श्री जरांडे और गणमान्य व्यक्तियो द्वारा भी पौधारोपण किया गया। वनमण्डलाधिकारी श्री जरांडे ने बताया यह वृक्षारोपण का कार्यक्रम लगातार जारी रहेगा उन्होंने आमजनों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों सभी से इस पौधारोपण कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आव्हान किया है। वन मंडल अधिकारी श्री जरांडे ने यह भी बताया कि दमोह शहर के नजदीक पावर ग्रिड के पीछे 25000 पौधे लगाए जा रहे हैं इसी प्रकार सीताबावड़ी में 1800 पौधे रोपित किए जायेगे।

# जिला स्तरीय शैक्षिक उन्नयन समिति की बैठक संपन्न

दमोह

कलेक्टेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शैक्षिक उन्नयन समिति की बैठक संपन्न हुई बैठक में जुलाई माह से कक्षा 1 से 12वीं तक के सभी विद्यालयों में संचालित होने वाली विभिन्न अकादमी गतिविधियों जैसे मासिक टेस्ट, प्रबल विद्यार्थियों हेतु शिक्षक वार्डन, प्रार्थना के समय संकल्प पत्र का वाचन, प्रति मंगलवार आयरन टेबलेट का वितरण, प्रखर विद्यार्थियों हेतु निरंतर मार्गदर्शन की आवश्यकता, मॉनिटरिंग, शिकायत पेटी का संधारण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। विभिन्न शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालय में कक्षा नवमी 10वीं 11वीं एवं 12वीं के दी एवं ए ग्रेड विद्यार्थियों हेतु सूची तैयार की जानी है निर्देशित किया गया कि 5 जुलाई तक सभी कक्षाओं के प्रबल विद्यार्थियों की सचिया तैयार हो जानी चाहिए।

कक्षा दसवीं के प्रबल विद्यार्थियों की सचिया जिन विद्यालयों द्वारा अभी तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में नहीं भेजी गई है उन्हें तत्काल जमा करने हेतु निर्देशित किया जाए।बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा ,डीपीसी मुकेश द्विवेदी, एडीपीसी एस के असाटी, ऐपीसी मोहन राय, आदित्य चौरसिया, बीआरसीसी ललित रैकवार, एपीसी राजू जैन, उमाशंकर चौबे, इसरार खान ,प्रेमलता उपाध्याय सदस्यों की उपस्थिति रही।